तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

नि:स्वार्थ भाव से घायल एवं भूखे गौ माता की सेवा कर रहे गौसेवक

4



## खबर संक्षेप

### जीआईएस प्रणाली से जुड़ी 282 पंचायतें

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को अधिक पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जिले में ग्राम पंचायतों के विकास को वैज्ञानिक और पारदर्शी स्वरूप दिया जा रहा है। जिले की कुल 334 ग्राम पंचायतों में से 282 ग्राम पंचायतों में जीआईएस आधारित ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इसके माध्यम से अब गांवों का विकास केवल मांग आधारित न होकर वास्तविक भौगोलिक और संसाधन आधारित आंकड़ों पर किया जाएगा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में बलौदा, अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़ और बम्हनीडीह विकासखंडों में इस प्रणाली को प्रभावी रूप से अपनाया जा रहा है।

### जपं बलौदा में लोन रोजगार मेला 26 को

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत बलौदा के समरसता भवन, ग्राम पंचायत जावलपुर में 26 दिसंबर को लोन मेला व रोजगार मेला का आयोजन रखा गया है। इसी के तहत 7 जनवरी को जनपद पंचायत पामगढ़ के सद्भावना भवन, पामगढ़ में 16 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन, ग्राम पंचायत कपिस्दा, बम्हनीडीह में एवं 28 जनवरी 2026 जनपद पंचायत नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम पंचायत खैरताल (जी.एल.डी.), स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा

### समन्वयक व संकाय सदस्य पद पर आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर तक सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले की वेबसाइट तथा जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सूचना पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### फसल बीमा योजना का लाभ लेने अंतिम तिथि 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** छग शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के रबी मौसम के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। योजना के तहत टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, आलू एवं प्याज जैसी बागवानी फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। सहायक संचालक उद्यान श्रीमती रंजना मखीजा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

### सुबह से रात तक गर्म कपड़ों में नजर आ रहे लोग

**जांजगीर-चांपा।** ठंड बढ़ने के साथ-साथ लोगों की दिक्कतें काफी बढ़ गई है। लगातार तापमान में आ रही गिरावट के कारण सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं। ठंड के चलते सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों को हो रही है। दिसंबर महीने के शुरुआत से ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इधर तापमान में गिरावट के चलते ठंड लगातार बढ़ रही है। वहीं सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं, जिसके चलते गर्म कपड़ों की मांग लगातार बढ़ रही है।

### जनादेश परब में विकास कार्यों के रिपोर्ट कार्ड व सेवा के दो साल पुस्तक का विमोचन, हितग्राही हुए लाभान्वित

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने गिनाई साय सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को जांजगीर-चांपा जिले में आयोजित जनादेश परब में विष्णुदेव साय सरकारी की उपलब्धियां गिनाई। इसके साथ ही दो साल के रिपोर्ट कार्ड और सेवा के दो साल पुस्तक का विमोचन किया। सोमवार 22 दिसंबर को पुलिस ग्राउंड जांजगीर में आयोजित जनादेश परब में

शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लगाए गए विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने साय सरकार की दो साल की उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान कर उन्हें सामग्री, प्रमाण-पत्र एवं सहायता राशि का वितरण भी किया। इस दौरान मंत्रीगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि "जो कहा था, वह किया - और जो नहीं कहा था, वह भी करके दिखाया।" उन्होंने दो वर्षों के रिपोर्ट-कार्ड को रेखांकित करते हुए बताया कि सरकार ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और श्रमिकों के हित में संवेदनशील और परिणामकारी निर्णय लिए हैं, जिनका असर जमीनी स्तर पर दिख रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार आम जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, भूमिहीन कृषि मजदूर



बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा का गजमाला से स्वागत करते भाजपा नेता



कार्यकम में जनता का अभिवादन करते भाजपा पदाधिकारी

कल्याण योजना, चरण पादुका सहित अनेक योजनाओं से विकास को गति मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद की कमर तोड़ने और नक्सल-मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की दिशा में ठोस प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट 2047 के माध्यम से संसाधन-समृद्ध छत्तीसगढ़ को सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने का रोडमैप तय किया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को अवसरों का राज्य मिल सके। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि जांजगीर-चांपा में जनादेश परब का आयोजन जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार बनने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं और विकास के सभी कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। वित्त मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सरकार ने लोकतंत्र, जनविश्वास और सुशासन को सुदृढ़ किया है। विजन डॉक्यूमेंट के माध्यम से छत्तीसगढ़ विकास के नए मानक गढ़ रहा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि इस अवधि में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 2 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों के रिपोर्ट-कार्ड और "सेवा के 2 साल" पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मंत्रीगण दयालदास बघेल, लखन लाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा, गजेन्द्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, राजेश अग्रवाल छत्तीसगढ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजि सत्यलता आनंद मिरी, जिपं उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, चांपा नपाध्यक्ष प्रदीप नामदेव, गुलाब सिंह चंदेल, प्रशांत सिंह, अमर सुलतानिया, संभाग आयुक्त सुनील कुमार जैन, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

## चंदेल के साथ चाय की चुस्की व जनसंपर्क को किया याद

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के साथ किए गए जनसंपर्क को याद करते हुए कहा कि जांजगीर से उनका पुराना नाता है पिछले बार जब भी जांजगीर आए थे तो नहर किनारे वाले विश्रामगृह (आईबी रेस्ट हाउस) में वे रात रूके थे और दूसरे दिन रेलवे स्टेशन के पास नारायण चंदेल के साथ चाय की चुस्की लेने के बाद जनसंपर्क पर निकले थे।



# स्वास्थ्य मंत्री ने जिला चिकित्सालय में नई ओपीडी व एनआईसीयू का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला चिकिल्सालय जांजगीर में नई ओपीडी एवं एनआईसीयू का प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव ने निरीक्षण किया। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

ज्ञात हो कि सोमवार 22 दिसंबर को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकित्सालय जांजगीर-चांपा का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, संचालक संजीव झा एवं सहायक संचालक डॉ. सुरेंद्र पाम्भोई उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने अस्पताल की व्यवस्थाओं,



जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री व स्वास्थ्य सचिव।

स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में नवनिर्मित ओपीडी हॉल एवं नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार हेतु 10 बेड के अत्याधुनिक एनआईसीयू वार्ड का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा 10 बेड के एनआईसीय से अब क्षेत्र के नवजात शिशुओं को क्रिटिकल केयर हेतु बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंत्री ने जीवनदीप समिति के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर जन्मेजय मोहबे के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मरीजों की आवश्यकता के अनुरूप जीवनदीप समिति से समयबद्ध स्वीकृतियाँ देना सराहनीय कदम है, जिससे अस्पताल की सेवाएँ निरंतर सुदृढ़ हुई हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.के. मरकाम, सिविल सर्जन डॉ. एस. कुजूर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी, जिला अस्पताल प्रबंधक अंकित ताम्रकार, आरएमओ डॉ. संदीप साहू सहित जिला चिकित्सालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर में अखंड संकीर्तन 31 को

**जांजगीर-चांपा।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का पावन दिन 22 जनवरी 2024 को सपन्न हुई था। उस समय भारतीय पंच्चाग के अनुसार पौष शुक्ल दवादशी तिथि थी, यही दिन देशभर में कूर्म जंयती के रुप में मनाया जाता है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया की भारत में सभी धार्मिक पर्व भारतीय काल गणना के अनुसार ही निर्धारित होते है। इसलिए इस वर्ष रामलला की प्रतिष्ठा तिथि 2025 में 10 जनवरी शुक्रवार को मनाई गई थी, जबकि दूसरी रामलला वर्षगांठ प्रतिष्ठा दवादशी 31 दिसंबर बुधवार को मनाई जाएगी। 2026 में पौष दवादशी नही होने के कारण नहीं मनाई जाएगी।

# जांजगीर-बलौदा मार्ग पर भारी वाहन चलने से उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से जांजगीर बलौदा मार्ग में दिनभर धूल एवं जर्जर सड़क के चलते लोगों का आवागमन करना बड़ा मुश्किल हो रहा है इस मार्ग से होकर लोग बलौदा एवं बिलासपुर सहित कोरबा की ओर आना-जाना करते हैं वही मार्ग में दिनभर धूल उड़ने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है



खासकर ग्राम पंचायत जावलपुर, सिवनी, जर्वे एवं अन्य गांव में सड़क की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। इस समस्या को लेकर बलौदा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा करीब 3 महीने पहले कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को सड़क मरम्मत करने के साथ भारी वाहन के मार्ग में चलने पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सोपे जा चुका है लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तरह बनी हुई है।

### सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव आज से, सीएम करेंगे विशिष्ट हस्तियों का सम्मान

**जांजगीर-चांपा।** पांच दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का आयोजन 23 से 27 दिसंबर तक किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित महामहोत्सव में विशिष्ट आतिथ्य के लिए जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, व्यास कश्यप जांजगीर चांपा उपस्थित रहेंगे। महामहोत्सव के प्रथम दिवस 23 दिसंबर को मेडिकल मेगा कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न बीमारियों के चिकित्सक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### सीसीटीवी कैमरे के साथ साथ नमी मापक मशीन से की गई जांच

# एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

समर्थन मूल्य पर किए जा रहे धान खरीदी कार्य को लेकर एसडीएम एवं जनपद सीईओ सहित अन्य अफसरों ने धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस बीच केन्द्र में सीसीटीवी कैमरा सहित नमी मापक यंत्र की जांच की गई।

गौरतलब है कि जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का विभिन्न अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी किसानों से सुव्यवस्थित रूप से धान खरीदी



धान खरीदी का अवलोकन करते अफसर।

किए जाने के लिए विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर पेयजल व्यवस्था, बायोमेट्रिक मशीन की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था, धान की मानक स्टैकिंग व्यवस्था, नया व पुराना जूट बारदाना, तिरपाल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जांच कर धान खरीदी कार्य को पूर्ण रूप से सुव्यवस्थित संचालित करने हेतु निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम द्वारा सोमवार 22 दिसंबर को धान खरीदी केंद्र चिस्दा, मल्दा और घिवरा का निरीक्षण किया गया और सुव्यवस्थित रूप से धान खरीदी कार्य किए जाने के लिए जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही स्केटिंग व्यवस्था, टोकन पंजी एवं निरीक्षण पंजी का अवलोकन किया गया। इसी तरह जनपद सीईओ डभरा द्वारा धान खरीदी केंद्र कांसा एवं कवली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी की व्यवस्था, तौल प्रक्रिया, भंडारण व्यवस्था तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया गया। सीईओ द्वारा सीसीटीवी कैमरे एवं नमी मापक मशीन से धान की जाँच की गई, जो शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई। केंद्रों पर किसानों के बैठने, पेयजल, छाया, साफ-सफाई, इलेक्ट्रॉनिक कांटे, रिकॉर्ड संधारण एवं पर्याप्त बरदाना की व्यवस्था संतोषजनक पाई। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

## कैमरे की नजर में जनादेश परब ...



स्टाल का अवलोकन करते केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री



हितग्राहियों को चेक प्रदान करते बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य





हितग्राहियों को मोर आवास की चाबी प्रदान करते जेपी नड्डा।



खादी एवं ग्रामोद्योग स्टाल का निरीक्षण करते राष्ट्रीय अध्यक्ष।

## खबर संक्षेप

### कुर्मी शिखर सम्मान से सम्मानित हुए सेवानिवृत्ति डीईओ चंद्रा



**सक्ती।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं एवं योगदान के लिए सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा को शाल ,श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिले में जिला शिक्षा अधिकारी रहते हुए एन के चंद्रा की शिक्षा के प्रति सक्रियता, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रादेशिक स्तर के सक्ती-अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से स्कूल शिक्षा विभाग में दशकों तक प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएं देने वाले एवं शक्ति जिले से शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में साल 2025 में अपनी सेवाएं देकर सेवानिवृत होने वाले नरेंद्र कुमार चंद्रा को 21 दिसंबर को जिला मुख्यालय सक्ती के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में आयोजित सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रांतीय महा अधिवेशन के दौरान कुर्मी शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक, दुर्ग सांसद एवं सर्व कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब तथा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज महासम्मेलन के संयोजक कृष्णकांत चंद्रा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### विधायक ने विशाल सिंह को नियुक्त किया श्रम विभाग का प्रतिनिधि



**बम्हनीडीह।** विधायक बालेश्वर साहू ने विशाल सिंह सिसोदिया को श्रम विभाग का जिला विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र के श्रमिकों, मजदूरों एवं असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी समस्याएं शासन तक पहुंचाने में मजबूती मिलेगी। विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि विशाल सिंह सिसोदिया सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और श्रमिक हितों को लेकर उनकी समझ तथा प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपकर श्रम विभाग से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और आम लोगों तक लाभ पहुंचाने का उद्देश्य है। नवनियुक्त जिला विधायक प्रतिनिधि विशाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं, मजदूरी भुगतान, श्रम कानूनों एवं सरकारी योजनाओं को ज़मीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए वे लगातार कार्य करेंगे।

### नैक-मीट कम्प्यूटर एजुकेशन सेंटर में हुआ स्नेह सम्मेलन



**जांजगीर-चाम्पा।** नैक-मीट कम्प्यूटर एजुकेशन सेंटर का स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन मशाल रेस्टोरेंट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के तैल्यचित्र पर संस्था प्रमुख महेन्द्र राठौर, नरेन्द्र राठौर के द्वारा पूजन के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत के साथ ही नरेन्द्र राठौर एवं महेन्द्र राठौर के द्वारा विद्यार्थियों को अपना आर्शीवचन प्रदान किया गया। इसके बाद बच्चों के द्वारा फैशन सो का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात संस्था में अध्ययनरत डीसीए, बीसीए व पीजीडीए के विद्यार्थियों के द्वारा एकल नित्य एवं सामोहिक नित्य व चुटकिले, कॉमेडी आदि की प्रस्तुति दी गई। उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक कोर्स से मिस एवं मिस्टर फ्रेश चुना गया। दोपहर के बाद विभिन प्रकार के खेल एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया और बहुत ही मौज किये अंत में सभी विद्यार्थियों ने डीजे की धुन पर एक साथ डॉस कर उक्त पार्टी का भरपूर आनंद लिया। संस्था में इस प्रकार का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहा है जिससे की बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ अपने अंदर छिपे अन्य प्रतिभा को सबके सामने लाने का मौका मिलता है एवं एक दुसरे के साथ परिचय और सामाजिक सामजस्य बनाने का अवसर मिलता है, साथ ही नया उत्साह देखने को मिलता है। संस्था के विद्यार्थी आशीष, भरत लाल, सिद्धार्थ, प्रार्थना सिंह, निशिका, अनिस्का ने मंच संचालन में अपना योगदान दिया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

### संगीतमय माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण 7 से

**बिर्रा ।** ग्राम पंचायत बिर्रा के देवांगन धर्मशाला में 7 जनवरी को संगीतमय माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ होगा। इस दौरान माता परमेश्वरी की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। देवांगन समाज के सक्रिय सदस्य मूलचंद देवांगन ने बताया कि माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण कथा का शुभारंभ 7 जनवरी होगा। प्रत्येक दिन शाम को 7 बजे बजे महाआरती और रात्रि 8 बजे के बाद महा भंडारा का कार्यक्रम होगा। व्यास आचार्य किशन राव महाराज चांपा वाले होंगे। कार्यक्रम का समापन 14 जनवरी किया जाएगा।

### अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा में आयोजित वार्षिकोत्सव में शामिल हुए शिक्षामंत्री

# संस्कारयुक्त शिक्षा से बनता है सशक्त भविष्य : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा अकलतरा में 20 दिसंबर को वार्षिक उत्सव का आयोजन अनुशासन एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन कापालिक धर्मरक्षित राम के आशीर्वाद से तथा संस्था के अध्यक्ष गोपाल राम एवं प्राचार्या श्रीमती अंजली दीक्षित के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे सभी अतिथियों ने सर्वप्रथम आश्रम परिसर स्थित मंदिर में दर्शन कर बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया।



शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का स्वागत करता स्कूल स्टाफ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आनंद प्रकाश मिरी, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देव कुमार अघरिया, नगर पालिका नैला के उपाध्यक्ष अमित यादव उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना व स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष गोपाल राम द्वारा माता सरस्वती एवं अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम की विधिवत पूजा-अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक संदेशों से परिपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने ज्ञानवर्धक नाटक, भक्ति एवं वीर रस से ओतप्रोत नृत्य, मोनो एक्ट, मां-बच्चे के स्नेह को दर्शाती संवेदनशील प्रस्तुति, वन संरक्षण पर आधारित नृत्य नाटिका, भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक, विद्यार्थी जीवन की वास्तविकताओं एवं हास्य से भरपूर मंचन प्रस्तुत कर खूब तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग भी उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि अघोर विद्यापीठ जैसे शिक्षण संस्थान शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में दिखाई दे रहा आत्मविश्वास, अनुशासन एवं कला-बोध शिक्षकों की मेहनत और विद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शिता का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कापालिक बाबा के आशीर्वाद से जो छोटा सा बीज कभी रोपा गया था, वह आज वट वृक्ष का रूप ले चुका है। यह देखकर अत्यंत हर्ष होता है। ग्रामीण क्षेत्र में इस स्तर का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आयोजन यह सिद्ध करता है कि सही दिशा, समर्पण और सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य संभव है। उन्होंने विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन कृष्ण मोहन पाठक द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल एवं गरिमामय बनाने में विशेष योगदान देने वाले आश्रम परिवार के वरिष्ठ सदस्य रमेश सिंह, डॉ. इरशाद, रवि अग्रवाल, कृष्ण मोहन पाठक एवं के.पी. सिंह का विद्यालय परिवार की ओर से शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर मंच पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा बारहवीं की छात्राएं कु. हंसिका साहू, केशिमा कंवर, श्रेयती दुबे एवं स्नेहा सिंह द्वारा किया गया। अंत में प्राचार्या श्रीमती अंजली दीक्षित ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# अधिक मात्रा में जल सेवन करने से बीमारियों का कम होता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस ग्राम पंचायत बारगांव में रासेयो बौद्धिक परिचर्चा में मोती साहू लैब टेक्नीशियन जिला अस्पताल जांजगीर, दिनेश थवाईत वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। परिचर्चा का विषय स्वास्थ्य जागरूकता एवं पत्रकारिता ज्ञान था।

■ रासेयो शिविर में बौद्धिक परिचर्चा का हुआ आयोजन

शिविरार्थी भी इस विषय को ध्यान पूर्वक श्रवण किए। मोती साहू ने जानकारी देते हुए अपने बीते पुरानी यादों को साझा किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में सभी युवा वर्ग के बच्चों को अधिक से अधिक मात्रा में जल का सेवन करना चाहिए क्योंकि जल में ही जीवन समाया हुआ है। अधिक मात्रा में जल का सेवन करने से व्यक्तियों की तांत्रिकाएं सही से काम करती है और बीमारियों का खतरा कम होता है। दिनेश थवाईत ने कहा कि सभी बच्चों को चिंताओं से दूर रहकर अपने जीवन के हर एक पल को खुशी के साथ जीना चाहिए और प्रतिदिन कुछ किलोमीटर पैदल चलना चाहिए जिससे आप ऊर्जावान महसूस कर सके।छात्र जीवन मे अनुशासन में रहकर आप सफल हो सकते है । इस शिविर में विद्यालय संचालक नरेंद्र कुमार पाण्डेय, अशोक कुमार मिरे, प्राचार्य विद्या निकेतन उ माध्यमिक विद्यालय ,अखिल शुक्ला विद्यालय विभाग प्रमुख, कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार खूंटे, कार्यक्रम अधिकारी महिला प्रकोष्ठ नेहा खरे,अंकित तिवारी, संजना साहू , सुरेश साहू, आशीष जायसवाल विद्यालय लेखपाल उपस्थित रहे ।

### प्रगतिशील जायसवाल समाज का स्नेह मिलन सम्मेलन 26 व 27 को

**चाम्पा।** प्रगतिशील जायसवाल (कन्नौजिया कलार) समाज द्वारा 26 व 27 दिसंबर को दो दिवसीय स्नेह मिलन सम्मेलन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण अकलतरा में किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारंभ 26 दिसंबर शुक्रवार को होगा। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राघवेंद्र सिंह, नगर पालिका के अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित, समाज के पूर्व अध्यक्ष देव कुमार कौशिक, पूर्व अध्यक्ष स्थायी समिति जानकी प्रसाद कौशिल, बिहारी ताम्रकार संरक्षक सरस्वती शिशु मंदिर विशेष रूप में उपस्थित रहेंगे। दूसरे दिन 27 दिसंबर शनिवार को मुख्य अतिथि चरण दास महंत नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा सहित विशिष्ट अतिथि के रुप में क्षेत्र के विधायक राघवेंद्र सिंह, व्यास कश्यप, बालेश्वर साहू, नगर पालिका के अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित, धीरेंद्र बाजपेयी उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल अधिवक्ता करेंगे। सम्मेलन के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक विचार-विमर्श, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह, परिचय सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# किसान स्कूल में महोत्सव आज, 32 लोगों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्राम बहेराडीह स्थित किसान स्कूल में राष्ट्रीय किसान दिवस और किसान स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर 23 दिसम्बर को 'किसान महोत्सव' दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात कवि व गीतकार मीर अली मीर होंगे। अध्यक्षता सांसद कमलेश जांगड़े करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संजय शेखर एवं छग राज्य हथकरघा संघ के अध्यक्ष भोजराज देवांगन मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला पंचायत की अध्यक्ष सत्यलता मिरी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, छग पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ यादव, रायगढ़ भाजपा के जिला प्रभारी प्रशांत सिंह और भाजयुमो सक्ती के जिलाध्यक्ष आलोक पटेल मौजूद रहेंगे। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया 23 दिसम्बर को राष्ट्रीय किसान दिवस पर हर साल यहां किसान महोत्सव मनाया जाता है और वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में किसानों, पत्रकारों, धरोहर के लिए पुरानी सामग्री देने वालों का सम्मान किया जाता है। राष्ट्रीय किसान दिवस और किसान स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर किसानों, पत्रकारों समेत 32 लोगों सम्मान का होगा। किसान महोत्सव में छग के प्रख्यात कवि मीर अली मीर के गीत 'नन्दा जाहि का रे...' का स्थानीय कलाकारों द्वारा मंचन किया जाएगा। इस दौरान बांस गीत, डंडा नाच समेत अन्य छत्तीसगढ़ी संस्कृति से ओतप्रोत गीतों और डांस की भी प्रस्तुति होगी।



# शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन और सर्वांगीण विकास की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन एवं गायत्री शक्तिपीठ शक्ति के आयोजन में जिले में तीन दिवसीय आवासीय जिला स्तरीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन किया गया है।

■ तीन दिवसीय जिला स्तरीय कन्या कौशल शिविर का किया गया है आयोजन

इस शिविर के अंतर्गत कन्या जीवन से जुड़ी हुई सभी बातों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया। इस शहर में लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य कन्या जीवन को और बेहतर बनाना एवं उनका सर्वांगीण विकास करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शालू पाहवा, रामनरेश यादव रामकुवर साहू उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। प्रमुख अतिथि के रूप में प्रेमचंद श्रीवास्तव श्रीमती रेवती केवट एवं अन्य गायत्री परिवार के परिजन उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक अनवरत चलेगा। इस शिविर में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन और उनके सर्वांगीण विकास हेतु ज्ञानवर्धक बातें पीपीटी के माध्यम से बताई गई। इस शिविर का आयोजन अंबेडकर चौक संस्कार भवन में किया गया है -साथ बच्चों के परिजन भी इस कार्यक्रम में सहभागिता निभा रहे हैं। मौसम के हिसाब से शिविरर्थी बच्चों के लिए रहने एवं खानें की व्यवस्था की गई है। प्रथम दिवस में बच्चों को व्यक्तित्व निर्माण के ऊपर ज्ञानवर्धक बातें बताई गई एवं इंटरनेट का उपयोग किस तरह किया जाए इसके बारे में प्रकाश डाला गया।

### प्रथम गृह आगमन पर अग्निवीर सैनिक का हुआ स्वागत व सम्मान

**बेल्हाडीह-जेठा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेल्हाडीह में विद्यालय से अध्ययन प्राप्त एवं अग्निवीर में चयनित सैनिक कृष्णा यादव का प्रशिक्षण उपरांत प्रथम गृह ग्राम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय में संचालित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों ने स्काउट रीति से अपने अग्नि वीर सैनिक भाई का आत्मीय स्वागत किया। कृष्णा यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए चयन के लिए वरिष्ठ जनों से मिले मार्गदर्शन, स्वयं की समर्पित भाव से तैयारी एवं प्रशिक्षण का अनुभव साझा किया। अपने सफलता का श्रेय माता -पिता , गुरु जनों एवं मार्गदर्शन व प्रोत्साहन देने वाले वरिष्ठ जनों को दिया। विद्यालय के स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चों को भी अग्नि वीर सैनिक से प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक विद्यालय बेल्हाडीह के प्रभारी प्रधानपाठक टीकाराम साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेल्हाडीह के प्रधान पाठक गेंदराम कुर्रे, वरिष्ठ शिक्षक भारती साहू, संतोष कुमार रात्रे एवं विद्यालय के बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एवं स्काउट मास्टर कार्तिक राम यादव ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कुमुदिनी बाघ द्विवेदी एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी सक्ती दिलीप कुमार पटेल ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। ग्राम पंचायत बेल्हाडीह की सरपंच शारदा भारद्वाज, संकुल प्राचार्य सुचिता बा एवं संकुल समन्वयक संजीव कुमार साहू ने विद्यालय परिवार को साधुवाद दिया।



# बगड़िया भवन में अंतर्नाद संगीत कक्षा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के बगड़िया भवन में अंतर्नाद संगीत कक्षा का विधिवत शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार रमेश सोनी,तबला वादक मुरारी ताम्रकार, महेश सिंह बनाफर एवं संतोष अग्रवाल , तबला एवं गायन के प्रशिक्षक संगीत विशारद अश्विनी श्रीवास(डोंगा कोहरोड)पामगढ़ की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार रमेश सोनी ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत का महत्व गहरा है क्योंकि यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक, मानसिक, सांस्कृतिक और शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम है, जो एकाग्रता बढ़ाता है, तनाव कम करता है। सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है और अनुशासन सिखाता है जिससे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। यह वेदों से जुड़ा है और इसे 'पंचम वेद' भी कहा गया है, जो मोक्ष प्राप्ति का एक साधन माना जाता है। मुरारी ताम्रकार ने कहा कि नगर में लंबे समय से भारतीय शास्त्रीय संगीत कक्षाओं की कमी महसूस की जा रही थी। अब नगर एवं क्षेत्र के लोगों को भारतीय शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को तबला एवं गायन की प्रारंभिक जानकारी देने के पश्चात गायन एवं वादन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। प्रशिक्षक अश्विनी श्रीवास के द्वारा राग तिलक कामोद एवं राग भूपाली में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गईइनके साथ इनके शिष्य चिरंजीव यादव पैजनि (लवन)ने तबले पर संगत की। राग कामोड झपताल में संगति मुरारी लाल ताम्रकार ने की। संतोष अग्रवाल ने राग बिहाग,बागेश्री एवं राग यमन में बड़ा ख्याल छोटा ख्याल की प्रस्तुति दी तथा राग देस कहरवा ताल में गाया। तबला संगत कार अश्विनी श्रीवास एवं मुरारी ताम्रकार रहे।ग्राम कटनई से तीन छात्रों एवं अकलतरा से तीन छात्र छात्राओं का पंजीयन प्रथम दिन संपन्न हुआ। कार्यक्रम नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



गायन वादन करते लोग।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।



डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग ) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट




डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्वति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग



डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच






राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट



डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज



राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- माहवारी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप



### पठियापाली में टेनिस बॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मड़वारानी।** करतला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठियापाली (भांठापारा) में जूनियर क्लब टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मैच के उद्घाटन के अवसर पर करतला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका कंवर उपस्थित रही जिन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ श्रीफल तोड़कर एवं फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जनपद अध्यक्ष ने टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। इस दौरान ग्राम पंचायत पठियापाली के सरपंच श्रीमती त्रिवेणी गेंदराम कंवर एवं अन्य जनतिनिधिगण उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका कंवर ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खेल भावना के साथ खिलाड़ी के कर्तव्यों का पालन करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित खेलकूद पर ध्यान देना चाहिए वहीं ग्रामीणों के लिए अच्छा मनोरंजन का साधन भी है।

### विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**कोरबा।** विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में विद्यालय का चतुर्थ वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा रहीं। समारोह का शुभारंभ उनके द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत एवं नृत्य ने दर्शकों में जोश और उत्साह भर दिया। समारोह के दौरान शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को मुख्य अतिथि श्रीमती सोनी विकास झा एवं अन्य अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झा ने विद्यालय के अनुशासन, शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### श्रीगुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** श्रीगुरु हरकिशन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक महाकुंभ में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्रपति शिवाजी और संभाजी पर आधारित ऐतिहासिक नाटक रहा, जिसने दर्शकों में जोश भर दिया। वहीं देवों के देव महादेव की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। विद्यार्थियों ने पंजाबी, राजस्थानी, कश्मीरी और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों के माध्यम से मिनी इंडिया की तस्वीर पेश की, जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की। रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में छोटे बच्चों द्वारा दी गई रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और हास्य कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया।

### शिक्षक फेडरेशन में हुए शामिल सर्व शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सैकड़ों सदस्य

कोरबा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार राठौर के कुशल मार्गदर्शन में प्रांतीय महासचिव तरुण वैष्णव एवं प्रदेश महामंत्री नोहर चन्द्रा के निर्देशन पर जिला अध्यक्ष विनोद सांडे के नेतृत्व में विपिन यादव ने अपनी पूरी टीम के साथ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की सदस्यता ग्रहण की। इनके फेडरेशन में शामिल होने से सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कोरबा पहले से और ज्यादा मजबूती के साथ कार्य करेगा।

# वन नेशन वन एजुकेशन अंतर्गत शिक्षकों ने सीखा नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अलग खबर

सेजस मदनपुर रजकम्मा हाई स्कूल में एफएलएन अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन अतिथि व्याख्याता विनोद जायसवाल, प्रशिक्षण प्रभारी अनिल जगत, जीवन सिंह मरकाम, पवन पैकरा, मनोहर पैकरा, ओंकार साहू, कुमुदिनी राम की उपस्थिति में किया गया।

समूचे राष्ट्र के लिए तैयार एकीकृत नवीन पाठ्यपुस्तक की बुनियादी भाषा और संख्या ज्ञान की बारीकियों एवं बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया था। प्रथम दिवस एफएलएन की अवधारणा एवं एनसीईआरटी की पुस्तकों से परिचय द्वितीय दिवस एलएसआर डब्ल्यूइ एल पी एस एंड प्रैक्टिकल सेशन, तृतीय दिवस आकलन एवं मूल्यांकन तकनीक के ज्ञान अन्तर्गत मासिक अर्द्धवार्षिक, वार्षिक मूल्यांकन, चतुर्थ दिवस कार्ड बेस्ट ट्रेनिंग सह प्रैक्टिकल सेशन पंचम दिवस निपुण भारत मिशन और भविष्य की रणनीति पर प्रशिक्षक श्रद्धा शर्मा, पुष्पलता भार्गव, राजकुमारी साहू एवं यामिनी दुबे ने बखूबी प्रकाश डालते हुए मनोरंजक वातावरण प्रदान किया। प्रशिक्षण की सतत मॉनिटरिंग डाइट से पाली ब्लॉक प्रभारी जसप्रीत फ़्लोरा, नवीन पाठ्यपुस्तक डीआरजी ज्योति श्रीवास, उत्तरा साहू, लव कुमार चौहान विकासखंड पाली से सहायक खंड शिक्षाधिकारी मनीराम मरकाम, बीआरसी आरजी जायसवाल के द्वारा की गई। विभिन्न संकुल से पहुंचे शिक्षकों ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि प्रशिक्षण अत्यंत प्रभावशाली रहा। अंतिम में पारंपरिक नृत्य राउत नृत्य,पंथी नृत्य,सुवा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से सभी अभिभूत हुए। कार्यक्रम का संचालन रवि चंद्रा ने एवं आभार जीवन सिंह मरकाम ने किया।

### रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**खास बातें**

- बच्चों को प्रभावी ढंग से शिक्षित करने दिया गया प्रशिक्षण
- हर ब्लॉक में चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम



### मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# मनरेगा की जगह नए कानून से गरीबों के रोजगार छीनने का मंडराया खतराः कंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के समक्ष बैठक आयोजित कर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने बताया कि केन्द्र की भाजपा सरकार मनरेगा की जगह नया कानून लाकर व्हीबी जी राम जी कर दिया है। इस नये कानून से गरीबों के रोजगार के अधिकार छीन जाने का खतरा मंडरा रहा है। जबकि रोजगार के अधिकार मनरेगा के तहत करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिलता था।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह विकसित भारत जी राम जी करते हुए इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का काम किया गया है। श्री चौहान ने कहा कि लगभग 20 वर्ष पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह ने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए रोजगार के अधिकार योजना मनरेगा योजना को धरातल पर उतारा था। जिसका फायदा आर्थिक रूप से कमजोर करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिलते आ रहा था, पर मोदी सरकार को गरीब ग्रामीणों के रोजी-रोजी से तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से कोई सरोकार नहीं रहा है। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कि कि मनरेगा योजना महात्मा गांधी के स्वराज के सपने का जीवंत रूप था। करोड़ों ग्रामीणों की जिंदगी का सहारा बना हुआ था। यह योजना कोविड काल में भी ग्रामीणों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच साबित हआ था। मगर भाजपा सरकार को यह योजना पसंद नहीं आया, मोदी सरकार इस योजना का नामो-निशान मिटाने पर अमादा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, इंटक पदाधिकारी मनहरण राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, पार्षद बद्री किरण, गीता गभेल, अनुज जायसवाल, सुभाष राठौर, अविनाश प्रेमलता बंजारे, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, मनकराम साहू, मस्तुल कंवर, सुरती कुलदीप, देवीदयाल सोनी, प्रदीप जायसवाल, संतोष लांझेकर, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष डॉ.एलपी साहू, जवाहर निर्मलकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मीनारायण देवांगन, ए डी जोशी, जे पी नामदेव, सचिव प्रमोद श्रीवास, गुड्डु थवाईत, एफ डी मानिकपुरी, पोषक दास महंत, भुनेश्वरी दास, राजेश्वर प्रसाद यादव, शांता मंडावे, द्रोपती तिवारी, संजू अग्रवाल, सुरेश पटेल, प्रवीण ओगरे, अमीन अंसारी, डॉ. डीआर नेताम सहित उपस्थित सभी कांग्रेसजनो ने एक स्वर में इस जनविरोधी बिल का विरोध किया और कहा कि आने वाले दिनों में हम गांव की गलियों से सांसद तक विरोध के आवाज बुलंद करेंगे। जैसे तीन काले कानून को मोदी सरकार वापस लेने को मजबूर हुए थे ठीक वैसे ही इस कानून को भी वापस लेने के लिए मोदी सरकार को मजबूर कर देंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया, नमन किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ किया गया। बैठक के अंत में सभी कांग्रेसजनों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन करते हुए सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### महात्मा गांधी के विचारों से भाजपा को नफरतः सुरेन्द्र

इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से लगता है कि महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से मोदी सरकार को नफरत हो गई है, जो योजना करोड़ों गरीब ग्रामीणों के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह कारगार हो ऐसे लोक कल्याणकारी योजना के साथ छेड़छाड़ किया जाना यही सिद्ध करती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि यह नया बिल महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है। मोदी सरकार ने पहले ही भयंकर बेरोजगारी से भारत के युवाओं का भविष्य तबाह कर चुके हैं और इस बिल से करोड़ो ग्रामीण गरीबों की सुरक्षित रोजी-रोटी को खत्म करने का जरिया बना रहे हैं।

# तेज रफ्तार स्कूटी हुई अनियंत्रित एक किशोर की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो छात्र अपनी स्कूटी में सवार होकर अपने गांव से समीप के गांव घूमने गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान उनकी तेज रफ्तार स्कूटी वाहन अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर गए। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आयी थी जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान एक छात्र की मौत हो गई है, जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है।

मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांदापाली निवासी कमलेश रठिया 15 वर्ष पिता झंडा सिंह राठिया और उसका दोस्त विकेश रठिया विगत दिनों अपनी स्कूटी में सवार होकर अपने गांव के सीमा पर स्थित ग्राम पीड़िया गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान बीच रास्ते में ग्राम तुर्री कटरा के समीप उनकी स्कूटी वाहन अनियंत्रित हो गई और दोनों मोटरसाइकिल से नीचे गिर पड़े थे जिसके बाद कमलेश रठिया और विकेश रठिया को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। रविवार को इलाज के दौरान कमलेश रठिया की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरु कर दिया है।

**खास बातें**

- करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांदापाली का मामला
- दोनों गांव के समीप स्थित पीड़िया गए थे, जहां से लौटते समय हुई घटना

### सड़क हादसे में घायल दूसरे व्यक्ति की मौत

कटघोरा थाना क्षेत्र के तानाखार मार्ग पर शनिवार को सड़क हादसा हुआ था। एक अल्टो कार और डीजल टैंकर की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अल्टो कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। हादसे में कार चला रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे, जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया था। बताया जाता है कि रविवार को हादसे में गंभीर रुप से घायल सूरजपुर निवासी तौकीर खान उम्र 24 वर्ष की भी इलाज के दौरान बिलासपुर में मौत हो गई है। जबकि एक व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि दूसरे व्यक्ति की मौत की अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। मर्ग डायरी आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# चरित्र सत्यापन के नाम पर रिश्वत की डिमांड, प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने चरित्र सत्यापन के नाम पर एक युवक से रकम की डिमांड की थी। शिकायत सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिश्वत मांगने वाले प्रआर को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढ़ोढ़ीपारा निवासी दीपक साहू 21 वर्ष पिता गौरीशंकर साहू ने लिखित में शिकायत की थी कि चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन के नाम पर कार्यालय में उपस्थित एक व्यक्ति के द्वारा उनसे एक हजार रूपये की मांग की गई है, जिसे देखकर पहचान लेगा, लेख किया गया है। शिकायत की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए शिकायत पत्र की जांच उप निरीक्षक प्रमोद चंद्राकर से कराई गई। जांच के दौरान दीपक ने अपने कथन में बताया कि चरित्र सत्यापन के नाम पर डीएसबी शाखा में पदस्थ प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी के द्वारा एक हजार रूपये की मांग की गई है। प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी जो कि अनुशासित विभाग का सदस्य है। विभागीय नियमों, निर्देशों की भलीभांति जानकारी होने के बावजूद भी चरित्र सत्यापन कार्य में अवैध रकम की मांग करना पुलिस सेवा आचरण नियम के प्रतिकूल, कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता, कर्तव्यविमुखता, स्वेच्छाचारिता एवं संदिग्ध कार्यशैली प्रदर्शित करने के लिये प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी को निलंबित कर दिया गया है।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के ढ़ोढ़ीपारा निवासी युवक ने की शिकायत

# न्याय पाने की आस में भूविस्थापितों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक प्रगति की चकाचौंध के बीच अपने पूर्वजों की जमीनों से बेखर हजारों परिवारों की पीड़ा एक बार फिर प्रशासन के द्वार तक पहुंची है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के कार्यभार संभालते ही ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर जिले के भूविस्थापितों की दशकों पुरानी लंबित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि कि एसईसीएल, एनटीपीसी, सीएसईबी और बालको जैसे बड़े औद्योगिक घरानों की स्थापना के लिए स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासियों ने अपनी पूर्वजों की पैतृक भूमि का त्याग किया था। समिति ने कलेक्टर को अवगत कराया कि वर्तमान में यह परिवार न केवल अपनी पहचान खो चुके हैं, बल्कि रोजगार, उचित पुनर्वास और बुनियादी नागरिक सुविधाओं (बसाहट) के अभाव में एक अनिश्चित भविष्य से जूझ रहे हैं। समिति ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि विस्थापन से संबंधित जटिल शिकायतों की त्वरित समीक्षा के लिए एक विशेष सेल का गठन किया जाए। इसके साथ ही प्रभावितों की सीधी सुनवाई के लिए विशेष जनसुनवाई आयोजित करने का भी प्रस्ताव दिया गया है। समिति का मानना है कि जिला प्रशासन को औद्योगिक प्रबंधनों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विस्थापितों को उनका वाजिब हक दिलाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने कहा कि मूलभूत अधिकारों और सुविधाओं के अभाव में जिले के आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और विशेष रूप से युवाओं के बीच गहरा आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए जिलाधीश के संवेदनशील और कुशल नेतृत्व में न केवल जिले का विकास होगा, बल्कि विकास की बलि चढ़े मूल निवासियों को भी न्याय मिलेगा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में विजयपाल सिंह तंवर, रुद्रदास महंत, अनुसुईया राठौर, संतोष कुमार चौहान, श्रीकांत सोनकर एवं ललित महिलांगे सहित अन्य उपस्थित रहे।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भूविस्थापित।

### महुआ पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

**कोरबा।** विगत दिनों एक अधेड़ व्यक्ति महुआ पेड़ पर लकड़ी काटने के लिए चढ़ा हुआ था। जहां पैर फिसलने की वजह से पेड़ उपर से नीचे गिर गया जिससे उसे गंभीर चोट लगी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ति के नगरदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली कला निवासी सुरेश कुमार 41 वर्ष पिता रमेशलाल सिदार 17 दिसंबर की दोपहर गांव के समीप स्थित महुआ पेड़ पर लकड़ी काटने के लिए चढ़ा हुआ था। जहां लकड़ी काटने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान सुरेश कुमार की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


### कोरबा विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी, हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ः केशरवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करना होगा। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उक्त बातें जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी ने कोरबा विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक के दौरान कही। यह बैठक जिले के नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। बैठक में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं पूर्व महापौर जोगेश लांबा उपस्थित रहे। इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए वरदान है। सभी कार्यकर्ता स्वयं इस योजना का लाभ लें और आम जनता को भी प्रेरित करें, जिससे बिजली बिल में राहत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा की भावना से कार्य करता है। संगठनात्मक एकजुटता, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कोरबा विधानसभा में भाजपा को और सशक्त बनाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुटे रहें। जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर पर सक्रियता से आती है। कार्यकर्ताओं को नियमित बैठक, प्रशिक्षण और जनसंवाद के माध्यम से जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना होगा। बैठक में एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी, जिला महामंत्री संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, अजय विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, लक्की नंदा, प्रफुल्ल तिवारी, नवीन अरोरा, कमला बरेठ, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, अजय चन्द्रा, मंडल अध्यक्ष योगेश जैन, डिलेन्द्र यादव, डॉ. राजेश राठौर, मनोज लहरे, मनीष मिश्रा, प्रीति स्वर्णकार, सरजू अजय, प्रदीप सिंह, उदय श्रीवास्तव, नीरज ठाकुर, राकेश नागरमल अग्रवाल, सूरज पांडेय, प्रकाश अग्रवाल, राजेश लहरे एवं संजीव कुमार शर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान उपस्थित अतिथि एवं भाजपा पदाधिकारी।

# सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान का हुआ आयोजन

**बरपाली।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के तत्वावधान में सुशासन सप्ताह– प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन 19 से 25 दिसंबर तक किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी से सुशासन को सुदृढ़ करना तथा ग्रामीण स्तर पर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है तथा सभी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर जनता को जागरूक करना है। इसी तारतम्य में जिले के सभी जनपदों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त शिकायतों, मांगों एवं उनके निराकरण की जानकारी प्रतिदिन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। जनपद पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीईओ जिला पंचायत कोरबा दिनेश कुमार नाग ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करें तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए इस कार्यालय को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं।

## खबर संक्षेप

### यूनिक पब्लिक स्कूल में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती



**कोसला।** यूनिक पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेड़ा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर संरक्षक डी.के.साहू, प्राचार्य आर. पी. साहू, अविनाश भार्गव, मनहरन वैष्णव, दीपक पटेल, श्रीमती महेश्वरी साहू, श्रीमती ज्योति पटेल, सुश्री नम्रता निर्मलकर, सुश्री स्वाति रात्रे, सुश्री भारती निर्मलकर, श्रीमती प्रमिला निमलकर एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। प्राचार्य ने बाबा गुरु घासीदास के मनखे मनखे,एक समान के उद्देश्य को छात्र-छात्राएं एवं उपस्थित नागरिकों को दी।

### सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान आज

**देवरी–सारागांव।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह – 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का आयोजन जिलेभर में किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सप्ताहभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर सुशासन को बढ़ावा देने, आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान तथा बेहतर सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए विकासखंड मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत मंगलवार 23 दिसंबर को हायर सेकेंड्री स्कूल देवरी में शिविर आयोजित किया जाएगा। इस में ग्राम पंचायत सरहर, भागोडीह, नवागांव, अमरुवा, देवरी, सोनियापाठ, रिसदा, परसापाली, कुम्हारीकला, दूरपा, खमहिया, पोड़ीकला, कड़ारी, दारंग, बघौदा, गिधौरी, मौहाडीह, कचंदा, लछनपुर, दर्रीबंजर एवं झरना को शामिल किया गया है। इस जोन के लिए नोडल अधिकारी हुलासराम पटेल (सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी) तथा सहायक नोडल अधिकारी श्याम कुमार सिदार (आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी) नियुक्त किए गए हैं। कार्यक्रम में संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र, सक्रिय महिला समूह एवं बिहान क्लस्टर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### तहसील साहू संघ का हुआ चुनाव, देवचरण बने अध्यक्ष



**मालखरौदा।** तहसील साहू संघ मालखरौदा का सामाजिक चुनाव डॉ खिलावन साहू जिलाध्यक्ष व जिला निर्वाचन अधिकारी जिला साहू संघ सक्ती के निर्देशानुसार प्रहलाद साहू तहसील निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देश एवं उचित मार्गदर्शन में 21 दिसंबर को सद्भावना भवन मालखरौदा में हुवा, जिसमें तहसील अध्यक्ष मालखरौदा देवचरण साहू, उपाध्यक्ष पुरुष उदयसिंह साहू, उपाध्यक्ष महिला श्रीमती दिलबाई साहू ,संगठन सचिव महिला श्रीमती सविता साहू पुरुष संगठन सचिव संतोष कुमार साहू, निर्विरोध निर्वाचित हुए । निर्वाचन कार्य शांतिपूर्वक संपन्न कराने सहायक निर्वाचन अधिकारी वेदराम साहू, अमृतलाल साहू मतदान दल अधिकारी प्रकाश साहू, नेत्रप्रसाद साहू, राजेन्द्र साहू, देवनारायण साहू, जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल साहू लोकेश साहू प्रदेश मंत्री (भा.ज.पा.), तहसील संगठन सचिव साहेबलाल साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष जगदीश प्रसाद साहू, रोहित कुमार साहू, रूपनारायण साहू, पंकज साहू, गनपत साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, और गनपत साहू, ओमप्रकाश साहू तेजराम साहू का योगदान रहा।

### बच्चों ने विशाखापटनम का किया दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण



**जांजगीर-चांपा।** डेस्टिनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चो ने विशाखापटनम का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में 16 शिक्षकों और 70 छात्राओं ने भाग लिया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान म्यूजियम , एयरक्राफ्ट म्यूजियम, हेलीकॉप्टर म्यूजियम सहित अन्य जगहों का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त किया। डेस्टिनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर के बच्चो और शिक्षकों ने विशाखापटनम का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान बच्चो ने पहला दिन सबमरीन म्यूजियम , एयरक्राफ्ट म्यूजियम, हेलीकॉप्टर म्यूजियम, आर के बीच का भ्रमण कर बच्चो ने सबमरीन के कमिशन डेट से लेकर डिकमिशन डेट तक की संपूर्ण जानकारी प्राप्त किया । इस भ्रमण में 16 शिक्षकों और 70 छात्राओं ने 19 दिसंबर से 22 दिसंबर तक भाग लिया । शिक्षकों में शिवम, वर्षा, सपना, सुशीला, प्रतीक्षा, आदर्श, मनीष, सूर्या, संस्था के प्राचार्य रवि शंकर निर्मलकर, उप प्राचार्य श्रद्धा निर्मलकर ने बच्चों का मार्गदर्शन किया ।

### शाम होते ही बन जाता है असामाजिक तत्वों का अड्डा

# खंडहर में तब्दील हो रहा मिनी खेल स्टेडियम, नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नगर पंचायत में निर्मित एक मात्र मिनी खेल स्टेडियम बदहाली की कगार में पहुंच चुका है। टूटी फूटी पब्लिक स्टैंड एवं उबड़ खाबड मैदान इस बात की ओर गवाही करता है की इस मिनी खेल स्टेडियम पर लंबे समय से किसी की नजर नहीं पड़ी है और अब यह खंडहर में तब्दील हो रहा है। यहां रोजाना सुबह कुछ बच्चे अभी भी अभ्यास हेतु आते हैं।

ग्राम पंचायत के समय निर्मित इस मिनी खेल स्टेडियम को नगर पंचायत बनने के बाद अब उपेक्षित सा कर दिया गया है। जनपद पंचायत द्वारा विभिन्न खेल गतिविधियां यहां पर आयोजित होते रहती है एवं वर्तमान में नगर पंचायत द्वारा यहां पर सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए फटाका दुकान के लिए इसको उपयोग में लिया जाता है किंतु उनकी देखरेख या मरम्मत के नाम पर उनके द्वारा कुछ भी नहीं किया जा रहा है जिससे यह मिनी स्टेडियम खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। देखरेख एवं व्यवस्था के अभाव के कारण अब यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां पर शाम होते ही असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है और रात में यहां पर नशाखोरी और अन्य गतिविधियां होते रहती है, जिसे रोकने वाला कोई नहीं है इस खेल मैदान का वर्षों से मरम्मत नहीं हुआ है। इसके पब्लिक स्टैंड पूरा खंडार होते जा रहा है। साथ ही छोटी-छोटी झाड़ियों ने अपना कब्जा बना लिया है । सुबह खेलने वाले बच्चों के द्वारा जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत को कई बार इस बात से अवगत कराया है लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे यह खेल मैदान अब धीरे-धीरे पूरी तरह अनुपयोगी होता जा रहा है।



टूटा पब्लिक स्टैण्ड एवं मैदान में उग आई झाड़ियां।

**विभिन्न खेल गतिविधियों का होता है आयोजन**

**बच्चे प्रतिदिन करते है अभ्यास, कई बार कराया जा चुका है अवगत**





### नि:स्वार्थ भाव से घायल एवं भूखे गौ माता की सेवा कर रहे गौसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



नगर क्षेत्र में बेसहारा और पीड़ित गौवंश की सेवा में अनेक गौसेवक निस्वार्थ भाव से लगातार कार्य कर रहे हैं। अपने सीमित संसाधनों और निजी खर्च पर ये गौसेवक घायल, भूखे और ठंड से पीड़ित गौ माता की देखरेख कर रहे हैं। यह सेवा वास्तव में प्रशंसा के योग्य है, किंतु सच्चाई यह है कि केवल गौसेवकों के भरोसे यह इस कार्य को पूरा नहीं किया जा सकता।

- प्रशासन के साथ समाज के लोग व नागरिकों का सहयोग जरुरी

गौसेवकों का कहना है कि जब तक प्रशासन और नगरवासियों का सक्रिय सहयोग नहीं मिलेगा, तब तक गौवंश संरक्षण का यह प्रयास पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पाएगा। नगर में आए दिन यह देखने को मिलता है कि पशु मालिक अपने मवेशियों को खुलेआम सड़कों पर छोड़ देते हैं। न उनके चारे की चिंता की जाती है, न ठंड, गर्मी या दुर्घटना की परवाह। ऐसे में ये पशु दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं और आमजन के लिए भी परेशानी का कारण बनते हैं। प्रशासन द्वारा गौशाला, गौठान और पशु संरक्षण से जुड़ी योजनाएं कागजों में तो दिखाई देती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनकी प्रभावी निगरानी और क्रियान्वयन की कमी साफ नजर आती है। यदि नगर प्रशासन पशु मालिकों पर सख्ती करे, आवारा पशुओं को छोड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे और गौशालाओं की समुचित व्यवस्था करे, तो स्थिति में काफी सुधार संभव है। नगरवासियों की भी इसमें अहम भूमिका है। गौवंश की सेवा केवल किसी एक वर्ग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज का सामूहिक दायित्व है। थोड़ा-सा सहयोग चाहे वह चारा दान हो, अलाव की व्यवस्था हो या किसी घायल पशु की सूचना किसी गौ माता का जीवन बचा सकता है। आज जरूरत है कि गौसेवक, प्रशासन, पशु मालिक और आम नागरिक मिलकर एकजुट हों। जब तक सभी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, तब तक गौ माता की पीड़ा यूं ही सड़कों पर दिखाई देती रहेगी। गौसेवकों का संघर्ष तभी सार्थक होगा, जब समाज और शासन मिलकर उनके हाथ मजबूत करेंगे।

### फर्नीचर फैक्ट्री में आग लगने से लाखों का नुकसान



**देवरी सारागांव।** सारागांव क्षेत्र के बम्हनीडीह रोड स्थित श्रीराम फर्नीचर फैक्ट्री में भीषण आगजनी की घटना सामने आई है। आग से फैक्ट्री में रखा फर्नीचर खाक हो गई। जिसमें लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना 17 दिसंबर की रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फैक्ट्री परिसर में अचानक धुंआ उठता दिखाई दिया, जब तक लोग कुछ समझ पाते , आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही सारागांव पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब तीन घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी के दौरान फैक्ट्री में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि प्रारंभिक तौर पर शार्ट शर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कंप्यूटर आधारित गणित आधुनिक तकनीक का आधार : डॉ. पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर शासकीय टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर में आईक्यूएसी एवं गणित विभाग के तत्वावधान में छत्तीसगढ़

- राष्ट्रीय गणित दिवस पर टीसीएल कालेज में व्याख्यान का हुआ आयोजन

काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन तथा डीएसटी भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत के प्राध्यापक डॉ. आर.एन. पटेल एवं शासकीय क्रांतिकुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ती के सहायक प्राध्यापक सोमेश कुमार घितोड़े रहे। दोनों वक्ताओं ने कंप्यूटर आधारित गणित पर व्याख्यान दिया। डॉ. आर.एन. पटेल ने कहा कि गणित जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी है। उन्होंने कंप्यूटर आधारित गणित, गणित के जादुई अंक एवं रोचक तथ्यों को पीपीटी के माध्यम से समझाया। डॉ. सोमेश कुमार घितोड़े ने एल्गोरिद्म तथा कंप्यूटर, विमान, भवन निर्माण आदि क्षेत्रों में गणित की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आर.जी. खूंटे ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस कब से मनाया जा रहा है तथा विद्यार्थियों से व्याख्यान का लाभ लेने का आग्रह किया। डॉ. एम.आर. बंजारे ने जीवन के विविध क्षेत्रों में गणित की व्यापकता बताते हुए व्याख्यान को उपयोगी बताया तथा वक्ताओं का परिचय दिया। डॉ. सीमा देवांगन ने कंप्यूटर में गणित की उपयोगिता को विभिन्न क्षेत्रों में पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया और कहा कि कंप्यूटर के लिए गणित आधार है। इस दौरान वाद-विवाद, रंगोली, क्विज, भाषण, बुके निर्माण, पोस्टर प्रदर्शनी तथा साइंस एवं टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृतिचिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कोमल शुक्ला ने किया तथा आभार प्रदर्शन ग्रंथपाल ओ.पी. सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ पीके सिंह,डॉ. एस.के. मधुकर, डॉ. मंजूलता कश्यप, डॉ. अभय सिन्हा, आर.के. चंद्रा, राजेश दुबे, पूनम थवाईत, ग्रंथपाल धनेश्वरी पटेल, ज्योत्सना लदेर, ऋचा शर्मा, अपर्णा राठौर सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



अतिथि के हाथों स्मृतिचिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्राप्त करते प्रतिभागी।

### हाफ मैराथन में 73 वर्षीय परस राम ने प्राप्त किया प्रथम स्थान




**अकलतरा।** नगर के 73 वर्षीय धावक परसराम गोंड़ ने कोलकाता में आयोजित हाफ मैराथन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का नाम एक बार फिर से रोशन किया है। उन्होंने प्रतियोगिता के वरिष्ठ नागरिक कैटेगरी में 10 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ 49. 17 मिनट मे पूरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है एवं 10 हजार रुपए की इनामी राशि जीती है। विदित हो कि परसराम गोंड़ ने इससे पूर्व दिल्ली, पुणे ,इंदौर ,मुंबई,बेंगलुरु शहीद देश के विभिन्न स्थानों में आयोजित मैराथन एवं हाफ मैराथन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर 12 से अधिक बार प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर चुके हैं। 73 वर्ष की उम्र में देश के विभिन्न स्थानों में आयोजित मैराथन एवं हाफ मैराथन प्रतियोगिताओं में सहभागिता लेकर एवं पदक जीतकर परसराम गोंड़ क्षेत्र वासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत होने के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक कर रहे हैं। उनके उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों में हर्ष है।

## आंतरिक शांति व सद्भाव के लिए ध्यान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज कोटमी सोनार के प्रभु अनुराग भवन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने ध्यान किया। राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान भारत की प्राचीन विद्या है जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है।

- विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं ने किया ध्यान

सन 2023 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया है। ध्यान हमारे मन और तन दोनों को स्वास्थ्य प्रदान करता है स्वस्थ मन के द्वारा ही स्वस्थ तन और सफल जीवन बनाया जा सकता है युवा पीढ़ी को सफल और स्वस्थ जीवन जीने के लिए ध्यान को अपने जीवन में शामिल करना आवश्यक है। राजयोग मन बुद्धि को एकाग्र कर लक्ष्य प्राप्त करने में बहुत मदद करता है। राजयोग सहज योग है इसमें शरीर को किसी प्रकार का कोई कष्ट नहीं दिया जाता सिर्फ अपने को आत्मा समझ एकाग्रचित हो परमात्मा को याद करना है। जीवन में आंतरिक शांति और वैश्विक सद्भाव के लिए सभी को ध्यान को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लेना चाहिए। अपने आंतरिक शक्तियों व गुणों को ध्यान के माध्यम से पहचान कर स्वयं को मूल्यवान एवं सशक्त बनाया जाता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केन्द्र में इस अवसर पर योग अभ्यास हेतु रामनाथ सोनी ,कोमल सोनी ,टीकाराम केवट ,भविष्य भारद्वाज ,रमेश थवाइत ,जगमोहन ,राजकुमार केवट ,संदीप केवट आदि उपस्थित रहे।



जीवन में शांति के लिए ध्यान करते श्रद्धालु।

## हाईस्कूल सरहर में छात्राओं को वितरित किया गया साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

सक्ती विधानसभा क्षेत्र के शासकीय हाईस्कूल सरहर में सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू शामिल हुए।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब-तब बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान विष्णु देव साय सरकार ने वर्ष 2025–26 के लिए शिक्षा विभाग हेतु बजट में 22,356 करोड़ रुपये, जो कि कुल बजट का 12% है, का सर्वाधिक प्रावधान कर यह स्पष्ट किया है कि शिक्षा, विशेषकर बालिका शिक्षा, सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच पीताम्बर नाथ पाण्डेय ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनता सदस्य भुवनेश्वरी राठौर विद्यालय प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष छेदी दास मानिकपुरी, रामानुज राठौर, रामेश्वरी चंद्रा, जानू राम साहू, उमाशंकर साहू, संतोष साहू, सनत राठौर, हुनेश्वर साहू, विद्या भूषण लटियार, शिव कंवर , बघेल जी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते अतिथि।

### गुरुकुल एकेडमी मधुवा के 54 प्रशिक्षार्थियों का आरक्षक पद पर चयन, हुआ सम्मान

# सफलता प्राप्त करने के बाद माता-पिता को ना भूलें : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम मधुवा में संचालित गुरुकुल एकेडमी के 54 प्रशिक्षार्थियों का चयन आरक्षक पद पर होने पर सम्मान समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के मुख्य अतिथि एवं गुरुकुल एकेडमी के संचालक प्रदीप यादव के पिता तिलक राम यादव, उनकी माता झूलबाई, पोड़ी दल्हा सरपंच जीतेन्द्र सिंह, मधुवा के पूर्व सरपंच अजय साहू , नीलकंठ अघरिया, बाबा आदिले, राकेश टंडन, नंद किशोर डोगरे, दिलीप चंद्रा एवं अभिनय खरे के आतिथ्य में किया गया।

मुख्य अतिथि सौरभ सिंह ने कहा कि गुरुकुल एकेडमी के 54 शिक्षार्थियों का चयन आरक्षक पद के लिए होना बहुत बड़ी बात है। इसका सारा श्रेय इस एकेडमी के संचालक प्रदीप यादव को जाता है । उन्होंने चयनित युवाओं से आग्रह किया है कि आप सफल होने के बाद माता-पिता को ना भूलें क्योंकि उन्होंने आपके लिए बहुत मेहनत और त्याग किया है। उन्होंने घोषणा की है कि इस एकेडमी को एन एम डी सी के द्वारा गोद लेकर यहां की सारी जिम्मेदारी एनएमडीसी के द्वारा वहन किया जाएगा इसके साथ ही उन्होंने अकादमी को 12 कम्प्यूटर देने की घोषणा की और मैदान को समतलीकरण करने व शारीरिक परीक्षा की तैयारी के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। पोड़ी दल्हा सरपंच जीतेन्द्र सिंह ने कहा कि आज गांव के अनेक युवा नशे में फंस रहे हैं लेकिन इस एकेडमी ने अनेक युवाओं को नशा छोड़ अपनी जिंदगी बनाना और देश सेवा सीखा रहा है। संबोधन के बाद सभी अभिभावकों का शाल श्रीफल और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही सफल परीक्षार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में गुरुकुल एकेडमी के प्रशिक्षार्थी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



समारोह में सफल परीक्षार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित।

### क्लैट में डीपीएस के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा





दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्रा ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता की मिसाल कायम करते हुए क्लैट 2026 में ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। विद्यार्थियों ने अपनी लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय सहित अपने माता पिता और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। डी.पी.एस. के छात्र हर्ष कुमार झा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 130 प्राप्त की और छत्तीसगढ़ राज्य रैंक 2 हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। उनकी यह उपलब्धि दृढ़ निश्चय और उत्कृष्ट मार्गदर्शन का सशक्त प्रमाण है। वहीं छात्रा आयुषी जैन ने भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए 526 तथा छत्तीसगढ़ राज्य रैंक 8 प्राप्त कर सफलता की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। उनके आत्मविश्वास और प्रयास ने यह सिद्ध कर दिया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। इसके साथ ही मानसी जगत और आस्था पटेल (कक्षा 12) ने भी क्लैट 2026 में योग्यता प्राप्त कर विद्यालय की इस गौरवगाथा को और अधिक सशक्त बनाया। मानसी जगत और आस्था पटेल इस वर्ष कक्षा 12 वी की परीक्षा देगी। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।